<u>हिन्दी पखवाड़ा - 2018</u>

भारत में हिन्दी को राजभाषा की मान्यता प्राप्त है। हिन्दी के प्रचार-प्रसार हेतु देश भर में प्रयास जारी है। इसके तहत केन्द्रीय एवं सरकारी अनुष्ठानों में सितंबर महीने में हिन्दी पखवाड़े का आयोजन सुनिश्चित किया गया है।

तदानुसार पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय गोपालपुर मिलिट्री स्टेशन में भी प्रतिवर्ष 14 सितंबर से 30 सितंबर तक 'हिन्दी पखवाड़े' का आयोजन किया जाता है। 14 सितंबर को हिन्दी पखवाड़े का उद्घाटन किया जाता है तथा पंद्रह दिनों तक विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएँ छात्रों एवं विद्यालय कर्मचारियों के लिए आयोजित की जाती है।

इस वर्ष भी आज अर्थात 14 सितंबर 2018 को हिन्दी पखवाड़े का उद्घघाटन हुआ। आज से प्रतिदिन विद्यालय की प्रार्थना सभा के सभी कार्यक्रम हिन्दी में होंगे। अध्यापक अपना हस्ताक्षर भी हिन्दी में ही करेंगे।

कक्षा प्रथम से लेकर बारहवीं तक के छात्रों के लिए प्रतिदिन कविता वाचन, सुलेख, वाद-विवाद, स्वरचित कविता लेखन, निबंध लेखन, पोस्टर निर्माण आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा तथा समापन समारोह में विजयी छात्रों को पुरस्कार से नवाज़ा जाएगा।

इस के अतिरिक्त कार्यालय के अधिकाधिक कार्य हिन्दी में ही की जाएगी | समस्त विद्यालय में हिन्दी का माहौल होगा | हिन्दी के अधिक प्रचार-प्रसार हेतु विद्यालय में अधिकाधिक कार्य हिन्दी में ही की जाएगी |

प्राचार्य

(श्री बी एन दास)